**TERM-1_EXAMINATION 2026-27**

HINDI (085) SET- 2

Class: X — Max. Marks: 80
Date : 02.09.2026 — Time: 3.00 Hour
Admission No: — Roll No:

सामान्य निर्देश:-
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 16 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | | |
|---|---|---|
| भाग 'क' | अपठित गद्यांश | 14 अङ्क |
| भाग 'ख' | व्यावहारिक व्याकरण | 16 अङ्क |
| भाग 'ग' | पाठ्यपुस्तक | 28 अङ्क |
| भाग 'घ' | लेखन | 22 अङ्क |

---

## खंड–क : अपठित गद्यांश (14 अंक)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1 अंक)

महात्माओं और विद्वानों का सबसे बड़ा लक्षण है कि वे प्रत्येक आवाज़ को ध्यानपूर्वक सुनते हैं। यह आवाज़ किसी भी प्रकार की हो सकती है—कौए की कर्कश आवाज़ से लेकर नदियों की कल-कल ध्वनि तक, मार्टिन लूथर किंग के भाषण से लेकर किसी पागल के बड़बड़ाने तक। सामान्यतः ऐसा नहीं होता। सत्य तो यह है कि हम सुनना ही नहीं चाहते, बल्कि केवल बोलना चाहते हैं। हमें लगता है कि इससे लोग हमें बेहतर ढंग से समझेंगे, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं होता। हमें पता भी नहीं चलता कि अधिक बोलने की आदत हमें दूसरों को अनसुना करने की प्रवृत्ति में पारंगत बना देती है।

एक मनोवैज्ञानिक ने अपने अध्ययन में पाया कि जिन घरों में अभिभावक अधिक बोलते हैं, वहाँ बच्चों में सही-गलत का स्वाभाविक विवेक कम विकसित हो पाता है। इसका कारण यह है कि अधिक बोलने से बातें विरोधाभासी हो जाती हैं और सामने वाला शब्दों के जाल में उलझकर रह जाता है। चाहे बातचीत औपचारिक हो या अनौपचारिक, हम प्रायः दूसरे की बात सुनने के बजाय उस पर हावी होने का प्रयास करते हैं। स्वयं अधिक बोलना और दूसरों को अनसुना करना इस बात का संकेत है कि हम अपने बारे में अधिक तथा दूसरों के बारे में कम सोचते हैं।

अधिक बोलने वालों के शत्रुओं की संख्या भी अधिक होती है। यदि आप नए शत्रु बनाना चाहते हैं तो अपने मित्रों से अधिक बोलिए और यदि नए मित्र बनाना चाहते हैं तो अपने शत्रुओं से भी कम बोलिए। अमेरिका के लोकप्रिय राष्ट्रपति रूज़वेल्ट अपने माली के साथ भी कुछ समय बिताते थे और इस दौरान उसकी बातें अधिक ध्यान से सुनते थे। उनका कहना था कि लोगों को अनसुना करना अपनी लोकप्रियता के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। यही कारण था कि अधिकांश अमेरिकी नागरिक उनके सुख में सुखी और दुःख में दुःखी होते थे।

(1) महात्माओं और विद्वानों का सबसे बड़ा लक्षण क्या है? (1 अंक)

(क) आवाज़ को सुनना
(ख) आवाज़ को सुनाना
(ग) आवाज़ को ध्यानपूर्वक सुनना
(घ) आवाज़ सुनकर बोलना

(2) कौए की आवाज़ कैसी होती है? (1 अंक)

(क) कर्णप्रिय
(ख) अत्यंत मृदु
(ग) कर्कश
(घ) कर्णानुकूल

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। (1 अंक)

कथन (A): हम सुनने की अपेक्षा अधिक बोलना पसंद करते हैं।

कारण (R): मनुष्य स्वयं को बेहतर सिद्ध करने तथा दूसरों पर प्रभाव जमाने के लिए ऐसा करता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) अनसुना करने की प्रवृत्ति क्यों विकसित हो जाती है? (2 अंक)

(5) रूज़वेल्ट की लोकप्रियता का क्या कारण बताया गया है? (2 अंक)

प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मनुष्य जन्म से ही अहंकार का इतना बड़ा बोझ लेकर आता है कि उसकी दृष्टि सदैव दूसरों के दोषों पर ही टिकती है। आत्मनिरीक्षण को भूलकर सामान्य मनुष्य केवल परछिद्रान्वेषण में ही अपना जीवन व्यतीत करना चाहता है। इसके मूल में उसकी ईर्ष्या की दाहक प्रवृत्ति कार्य करती है। दूसरे की सहज उन्नति को वह ईर्ष्या के कारण सहन नहीं कर पाता और उसके गुणों की उपेक्षा करके केवल दोषों एवं दुर्गुणों का ही प्रचार करता रहता है।

इस प्रक्रिया में वह यह भूल जाता है कि ईर्ष्या का दाहक स्वरूप उसके समय, स्वास्थ्य तथा सद्गुणों के लिए कितना विनाशकारी है। हमारे शास्त्रों में परनिंदा को भी पाप बताया गया है। वास्तव में मनुष्य अपने दोषों और दुर्गुणों की ओर देखना नहीं चाहता, क्योंकि स्वयं को पहचानने की प्रक्रिया उसके लिए अत्यंत कष्टदायक होती है। अपनी वास्तविकता और क्षुद्रता उसे इतनी विचलित करती है कि वह दूसरों के दोष खोजकर अपना दुःख कम करना चाहता है।

विवेकशील एवं ज्ञानी व्यक्ति इस सत्य से मुँह नहीं मोड़ते, बल्कि आत्मनिरीक्षण को ही श्रेष्ठ मानते हैं। इसी कठिन मार्ग पर चलकर मनुष्य अपनी बुरी प्रवृत्तियों को पहचानता है और उनसे मुक्त हो सकता है। इसलिए मनीषियों ने सदैव अपने दोषों को खोजने का उपदेश दिया है। संत कबीर ने भी कहा है—

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।
जो मन खोजा आपना, मुझसा बुरा न कोय॥

(1) मनुष्य जन्म से कैसा बोझ लेकर आता है? (1 अंक)

(क) जन्म का
(ख) मरण का
(ग) अहंकार का
(घ) दोषों का

(2) हमारे शास्त्रों में परनिंदा को क्या बताया गया है? (1 अंक)

(क) दुर्गुण (ख) दोष

(ग) पाप (घ) दुष्प्रवृत्ति

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए। (1 अंक)

कथन (A): हमारे शास्त्रों में परनिंदा को पाप बताया गया है।

कारण (R): मनुष्य को अपनी आलोचना सहन करना अत्यंत कष्टदायक लगता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, परन्तु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) कौन-सी प्रक्रिया मनुष्य के लिए कष्टकारी मानी गई है? (2 अंक)

(5) विवेकशील व्यक्ति किसे श्रेष्ठ मानते हैं और क्यों? (2 अंक)

## खंड–ख : व्याकरण (16 अंक)

प्रश्न 3. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4 अंक)

1. वज़ीर अली की जाँबाज़ी और साहसिक कारनामों से सभी परिचित थे। वाक्य से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।
2. किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जाती है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
3. कई वर्षों से बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे धकेल रहे हैं। रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।
4. सबकी सहायता करने वाले आप आज उदास क्यों हैं ? रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।
5. अयोध्या के राजा राम बड़े प्रतापी थे। वाक्य में संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए।

प्रश्न 4. निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य-रूपांतरण से संबंधित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए - (4 अंक)

1. उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकल गए। इसे मिश्र वाक्य में बदलिए।
2. सूरज समुद्र से लगे क्षितिज के नीचे डूबने को था। वाक्य का भेद लिखिए।
3. जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। वाक्य का भेद लिखिए।
4. मैं ऐसे आदमी से मिला जो बहुत बीमार था। इसे संयुक्त वाक्य में बदलिए।
5. सभी मेहमान आ गए और माताजी प्रसन्न हो गईं। इसे सरल वाक्य में बदलिए।

प्रश्न 5. समास पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए - (4 अंक)

1. हवन-सामग्री में कौन-सा समास है?
2. देशनिकाला का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए।
3. भला-बुरा का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए।
4. चक्रपाणि का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का भेद लिखिए।
5. किस समास का पूर्वपद संख्यावाची होता है?

प्रश्न 6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए - (4 अंक)

1. 'पन्ने रंगना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

2. अयोग्य व्यक्ति को कोई महत्त्वपूर्ण वस्तु मिल जाना - इसके लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए।
3. पढ़ाई में मेहनत कर मैं .............. हो सकता हूँ। उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
4. समुद्र किनारे शाम को तताँरा रोज़ वामीरो की .............. था। रिक्त स्थान में उपयुक्त मुहावरा लिखिए।
5. परेशानी देखकर घबरा जाना - इस अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

खंड – 'ग' : पाठ्यपुस्तक (16 अंक)

प्रश्न 7. निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए - (5×1=5अंक)

सदियों पूर्व जब लिटिल अंडमान और निकोबार आपस में जुड़े हुए थे, तब वहाँ एक सुंदर-सा गाँव था। उसी गाँव में तताँरा नाम का एक सुंदर तथा शक्तिशाली युवक रहता था। वह निकोबारवासियों से अत्यंत प्रेम करता था। तताँरा एक नेक, उदार और मददगार व्यक्ति था। वह सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था। अपने गाँव के लोगों की ही नहीं, बल्कि समस्त द्वीपवासियों की सेवा करना वह अपना परम कर्तव्य समझता था। अपने त्याग और सेवा-भाव के कारण वह दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। सभी उसका सम्मान करते थे। संकट के समय लोग उसे स्मरण करते और वह तुरंत सहायता के लिए पहुँच जाता। दूसरे गाँवों में भी पर्व-त्योहारों के अवसर पर उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता था। उसका व्यक्तित्व आकर्षक था और उसके आत्मीय स्वभाव के कारण लोग उसके निकट रहना चाहते थे। पारंपरिक वेशभूषा के साथ वह सदैव अपनी कमर में एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता था। लोगों का विश्वास था कि लकड़ी की होने पर भी उस तलवार में अद्‌भुत दैवीय शक्ति थी।

(1) सदियों पूर्व कौन-से दो द्वीप आपस में जुड़े हुए थे? (1 अंक)

(क) अंडमान और निकोबार
(ख) लिटिल अंडमान और निकोबार
(ग) दक्षिण अंडमान और लिटिल अंडमान
(घ) इनमें से कोई नहीं

(2) निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता तताँरा की नहीं थी? (1 अंक)

(क) सुंदर (ख) शक्तिशाली
(ग) मददगार (घ) लालची

(3) तताँरा किनकी सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था? (1 अंक)

(क) अपने गाँववालों की (ख) पड़ोसी गाँववालों की
(ग) समस्त द्वीपवासियों की (घ) किसी की भी नहीं

(4) तताँरा किस कारण प्रसिद्ध था? (1 अंक)

(क) अपनी सुंदरता के कारण
(ख) अपने त्याग और सेवा-भाव के कारण
(ग) अपनी शक्ति के कारण
(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए - (1 अंक)

कथन (A): सदियों पूर्व लिटिल अंडमान और निकोबार आपस में जुड़े हुए थे तथा वहाँ एक सुंदर-सा गाँव था।

कारण (R): तातँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था तथा सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए - (3×2=6 अंक)

1. बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों?
2. पुलिस कमिश्नर के नोटिस और काउंसिल के नोटिस में क्या अंतर था?
3. निकोबारी जनजाति की आदिम संस्कृति का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।
4. शैलेन्द्र के अनुसार कलाकार का कर्तव्य क्या है?

प्रश्न 9. निम्न पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए - (5×1=5 अंक)

गिरि का गौरव गाकर झर-झर,  
मद में नस-नस उत्तेजित कर।  
मोती की लड़ियों से सुंदर,  
झरते हैं झाग भरे निर्झर।  
गिरिवर के उर से उठ-उठकर,  
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर।  
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर,  
अनिमेष, अटल, कुछ चिंतापर।

(1) 'गिरि का गौरव गाने वाले' किसे कहा गया है? (1 अंक)

(क) पर्वत पर खिलने वाले पुष्पों को (ख) पर्वत पर खड़े वृक्षों को

(ग) पर्वत की ऊँची चोटियों को (घ) पर्वत से झरने वाले निर्झरों को

(2) झरने किसका गुणगान कर रहे हैं? (1 अंक)

(क) ऊँचाई का (ख) मोतियों की लड़ियों का

(ग) पर्वत का (घ) प्राकृतिक सौंदर्य का

(3) झरने किसके समान प्रतीत हो रहे हैं? (1 अंक)

(क) उच्चाकांक्षाओं के समान (ख) गौरव के समान

(ग) मोतियों की लड़ियों के समान (घ) फूलों की लड़ियों के समान

(4) 'मद में नस-नस उत्तेजित कर' पंक्ति का आशय क्या है? (1 अंक)

(क) इनका सौंदर्य तन-मन में उल्लास, उमंग और स्फूर्ति का संचार कर देता है।

(ख) इनका सौंदर्य अत्यंत मादक है।

(ग) इनका सौंदर्य मन को रोमांचित कर देता है।

(घ) उपर्युक्त सभी।

(5) निम्न कथन(A)तथा कारण(R)को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए – (1अंक)

कथन (A): ऊँचे-ऊँचे वृक्ष मानो पर्वत की आकांक्षाओं को व्यक्त कर रहे हैं।

कारण (R): ये वृक्ष शांत, मौन, अटल तथा चिंतनमग्न होकर आकाश की ओर देख रहे हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

प्रश्न 10. निम्न प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए - (3×2=6अंक)

1. कबीर निंदक को अपने निकट रखने का परामर्श क्यों देते हैं?
2. मीराबाई अपने आराध्य श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार करती हैं?
3. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने किसे भाग्यहीन व्यक्ति कहा है और क्यों?
4. 'मनुष्यता' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कवि ने तालाब की तुलना किससे की है और क्यों?

प्रश्न 11. पूरक पुस्तक पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50–60 शब्दों में लिखिए - (2×3=6अंक)

(1) लेखक ने अपने बचपन के दिनों को 'सपनों के-से दिन' क्यों कहा है?

(2) महंत और हरिहर काका के बीच हुए संवाद से महंत के स्वार्थी चरित्र का किस प्रकार परिचय मिलता है?

(3) 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक ने अपने बचपन के विद्यालय और सहपाठियों की किन विशेषताओं को याद किया है?

## खंड – 'घ' : रचना खंड (22 अंक)

प्रश्न 12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5 अंक)

(क) विज्ञापन और हमारा जीवन

संकेत-बिंदु :
- उद्देश्य
- प्रकार
- सामाजिक दायित्व
- निष्कर्ष

(ख) कंप्यूटर : आज की आवश्यकता

संकेत-बिंदु :
- वर्तमान युग : कंप्यूटर युग
- कंप्यूटर के लाभ
- कंप्यूटर की हानियाँ
- समाधान एवं सावधानियाँ

(ग) प्रकृति की रक्षा, मानव की सुरक्षा

संकेत-बिंदु :
- मनुष्य और प्रकृति का संबंध
- प्रकृति से खिलवाड़
- दुष्प्रभाव
- संरक्षण के उपाय

प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए - (5 अंक)

(क) आपके क्षेत्र की दुकानों में मिलावटी सामान बेचा जा रहा है। इसकी शिकायत करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

(ख) आपके विद्यालय में खेल सामग्री का अभाव है। खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सूचना लिखिए - (4 अंक)

(क) आपके विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से सूचना लिखिए।

(ख) स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आपकी सोसायटी द्वारा तिलक पार्क में आयोजित ध्वजारोहण समारोह के संबंध में सूचना लिखिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए- (3 अंक)

(क) घड़ी विक्रेता के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ख) बासमती चावल के प्रचार हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए - (5 अंक)

(क) 'परिश्रमी को ही लक्ष्मी प्राप्त होती है' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

(ख) पानी की पाइपलाइन की मरम्मत कराने हेतु जल बोर्ड के अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

======================= समाप्त =======================